रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 38] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 16, 1972 (भाद्र 25, 1894)
No. 38] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 16, 1972 (BHADRA 25, 1894)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 15 फरवरी 1972 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 15th February 1972 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
1	2	3	4

शून्य
—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	997
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1521
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1325
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं।) . .	2483
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	3539
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	507
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	1277
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	267
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	83
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं . .	1369
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें .	179
पूरक संख्या 38—	
9 सितम्बर, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट .	1817
19 अगस्त, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े .	1827

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	997
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1521
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1325
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).	2483
PART II—SECTION 3.—SUB.SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	3539
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	507
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	1277
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	267
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	83
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1369
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	179
SUPPLEMENT No. 38—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 9th September, 1972	1817
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 19th August, 1972	1827

भाग I—खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

मंत्रीमंडल सचिवालय

(कार्मिक विभाग)

नई दिल्ली-1, दिनांक 16 सितम्बर 1972

नियम

सं० फा० 10/13/72-के० स०(II)—निर्मुक्त आपात-कालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी तथा अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी (रिक्तियों का आरक्षण) नियमावली, 1971 के नियम 5 तथा भूतपूर्व सैनिक केन्द्रीय सिविल सेवाएं तथा पद (श्रेणी 3 तथा श्रेणी 4 में रिक्तियों का आरक्षण) नियमावली 1971 के नियम 4 में दिये गये उपबन्धों के अनुसरण में (i) निर्मुक्त आपात कालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों का जिन्हें 1 नवम्बर, 1962 के पश्चात् और 10 जनवरी, 1968 से पूर्व सशस्त्र सेनाओं में कमीशन प्रदान किया गया था अथवा जो परवर्ती तारीख से पहले कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए हों, परन्तु जिन्हें उस तारीख को अथवा उसके बाद कमीशन प्रदान किया गया था और (ii) भूतपूर्व सैनिकों का उनके लिए क्रमश: वर्ग-I तथा वर्ग-II में आने वाली सेवाओं /पदों में आरक्षित अस्थायी रिक्तियां भरने के प्रयोजन हेतु चयन करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1972 में ली जाने वाली सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा के निम्नलिखित नियम सर्व-साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किये जाते हैं । उपयुक्त निर्मुक्त आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी तथा अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी (रिक्तियों का आरक्षण) नियमावली, 1971 तथा भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सेवाएं तथा पद श्रेणी 3 तथा श्रेणी 4 में रिक्तियों का आरक्षण) नियमावली, 1971 क्रमश: 29 जनवरी, 1974 तथा 1 जुलाई 1974 से प्रभावी नहीं रहेंगीं जब तक कि सरकार द्वारा यह अवधि बढ़ा न दी जाए ।

वर्ग-I

(i) भारतीय विदेश सेवा (ख)—(आशुलिपिकों के उप-काडर का ग्रेड II),

(ii) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड II (ग्रेड की प्रवर सूची में शामिल करने के लिए),

(iii) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड II,

(iv) केन्द्रीय सतर्कता आयोग दिल्ली के कार्यालय में आशुलिपिक के पद, तथा

(v) भारत सरकार के अन्य ऐसे विभागों और कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद जो केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख)/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में शामिल नहीं है ।

वर्ग-II

श्रेणी 3 सेवाएं/पद :

(i) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा-ग्रेड-II (ग्रेड की प्रवर सूची में शामिल करने के लिए) तथा

(ii) भारत सरकार के अन्य ऐसे विभागों और कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद जो रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा में शामिल नहीं है ।

नियम 2, के उपबन्धों के अधीन कोई उम्मीदवार ऊपर उल्लिखित सेवाओं में से किसी भी एक या एक से अधिक सेवाओं/पदों के लिए परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन कर सकता है । यह जितनी सेवाओं /पदों के लिए विचार किए जाने का इच्छुक हो उन सबका अपने आवेदन पत्र में उल्लेख कर सकता है ।

विशेष ध्यान दें :—उम्मीदवारों को चाहिए, कि वे जिन सेवाओं/पदों के लिए विचार करवाना चाहते हैं उनका प्राथमिकता क्रम अपने आवेदन पत्रों में स्पष्ट लिखें । उन्हें सलाह दी जाती है कि वे जितनी सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता करना चाहते हैं उन सबका उल्लेख करें ताकि योग्यता क्रम में उनके स्थान का ध्यान रखते हुए नियुक्तियां करते समय उनकी प्राथमिकताओं पर यथोचित विचार किया जा सके ।

विशेष ध्यान दें II:—भारत सरकार के कुछ विभागों/कार्यालयों में, जो इस परीक्षा के माध्यम से भर्ती करते हैं, केवल अंग्रेजी आशुलिपिकों की आवश्यकता पड़गी, और इन विभागों/कार्यालयों में इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर आशुलिपिकों के पदों पर नियुक्तियां केवल उनमें से ही की जायेंगी, जिनकी अंग्रेजी की लिखित

परीक्षा तथा आशुलिपि की परीक्षा, के आधार पर आयोग द्वारा सिफारिश की जाएगी । (नियमों के परिशिष्ट-I का पैरा 4 देखिए) ।

विशेष ध्यान दें III:—उम्मीदवार द्वारा प्रारम्भ में अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट सेवाओं/पदों के प्राथमिकता क्रम में कोई बदोत्तरी अथवा परिवर्तन करने की किसी भी ऐसी प्रार्थना पर विचार नहीं किया जायेगा जब तक कि ऐसी प्रार्थना संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय को 31 अक्तूबर 1973 को या उससे पहले न मिल जाय ।

2.(क) आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी केवल वर्ग-I में शामिल की गई, श्रेणी-2. की सेवाओं/पदों के आशुलिपिकों के पदों में उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के संबंध में ही प्रतियोगिता कर सकेंगे ।

(ख) भूतपूर्व सैनिक केवल वर्ग-II में शामिल की गई श्रेणी-3 की सेवाओं/पदों के आशुलिपिकों के पदों में उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए ही प्रतियोगिता कर सकेंगे ।

3. इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किये गये नोटिस में बता दी जायेगी ।

भारत सरकार के निश्चिय के अनुसार निर्धारित अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए पद आरक्षित रखे जायेंगे ।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों का अर्थ है : संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) आदेश, 1950 और संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, जैसा कि बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 और पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित अनुसूचित जातियों व अनुसूचित आदिम जातियों की सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956 द्वारा संशोधित है । संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश, 1956 संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1959 संविधान (दादर व नागर हवेली) अनुसूचित जातियां आदेश, 1962, संविधान (दादर और नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962 और संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जातियां आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित जातियां आदेश, 1968, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1968 और संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जातियां, आदेश, 1970 ।

4. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट 1 में विहित विधि से किया जाएगा ।

परीक्षा की तारीखें और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किये जायेंगे ।

5. इन नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन,

(i) ऐसे आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी, जिन्हें 1 नवम्बर 1962 के पश्चात् परन्तु 10 जनवरी 1968 से पूर्व सशस्त्र सेनाओं में कमीशन प्रदान किया गया था अथवा जो परवर्ती तारीख से पहले किसी कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए हों, परन्तु जिन्हें उस तारीख को अथवा उसके बाद कमीशन प्रदान किया गया हो और जिन्हें 1971 के दौरान निर्मुक्त किया गया हो, इस परीक्षा में बैठ सकेंगे ।

(ii) ऐसे अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जिन्हें 1 नवम्बर 1962 के पश्चात् परन्तु 10 जनवरी, 1968 से पूर्व सशस्त्र सेनाओं में कमीशन प्रदान किया गया था अथवा जो परवर्ती तारीख से पहले किसी कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए हों परन्तु जिन्हें उस तारीख को अथवा उसके बाद कमीशन प्रदान किया गया हो और जिन्हें 1971 अथवा 1972 में इस अधिसूचना की तारीख से पहले निर्मुक्त किया गया हो, अथवा उसके उपरान्त 1973 के अन्त तक निर्मुक्त होने वाले हों, इस पररीक्षा में बैठ सकेंगे ।

टिप्पणी 1—इन नियमों के प्रयोजन के लिए "निर्मुक्त" का अभिप्राय निम्नलिखित है :—

(1) निर्मुक्ति के निर्धारित वर्ष के अनुसार निर्मुक्ति ।

(2) सैनिक सेवा के कारण हुई विकलांगता अथवा उसके गम्भीर रूप धारण करने के फलस्वरूप हुई असमर्थता । जो सशस्त्र सेना में सेवा की अल्पावधि के बाद और न कि प्रशिक्षण के दौरान अथवा अन्त में, अथवा ऐसी अल्पकालीन सेवा कमीशन के दौरान अथवा अन्त में जो वास्तविक सेवा में लिये जाने से पूर्व इस प्रकार के प्रशिक्षण की अवधि को पूरा करने के लिए प्रदान किया गया है और न ही इसमें इन अधिकारियों के मामले शामिल होंगे जिन्हें कदाचार अथवा अदक्षता के कारण अथवा जिन्हें उनके अपने अनुरोध पर निर्मुक्त किया गया हो ।

टिप्पणी 2—निर्मुक्ति के निर्धारित वर्ष' अभिव्यक्ति का अर्थ है:—

(1) जहां तक इसका सम्बन्ध आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों से है, वह वर्ष जिसमें मंत्रालय में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पूर्व-बद्ध कार्यक्रम के अनुसार उन्हें निर्मुक्त होना है, और

(2) जहां तक अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों का सम्बन्ध है, उनके लिए वह वर्ष माना जायेगा जिसमें अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के रूप में 3 अथवा 5 वर्ष, जैसी भी स्थिति हो सामान्य सेवा काल की समाप्ति होनी है ।

टिप्पणी 3—यदि किसी व्यक्ति को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद सशस्त्र सेना में स्थायी कमीशन मिल जाता है, अथवा वह सशस्त्र सेना से इस्तीफा दे देता है या वह उससे सदाचार अथवा अदक्षता या अपने निजी अनुरोध के कारण निर्मुक्त कर दिया जाता है तो उस व्यक्ति की पात्रता रद्द कर दी जायेगी ।

टिप्पणी 4—सशस्त्र सेनाओं की वालंटियर रिजर्व फोर्स के अधिकारियों और जिन्हें अस्थायी सेवा के लिए लिया गया हो, इस परीक्षा में प्रवेश नहीं पा सकेंगे ।

6. इन नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन सभी भूतपूर्व सैनिक इस परीक्षा में बैठ सकेंगे ।

टिप्पणी :—इन नियमों के प्रयोजन के लिए "भूतपूर्व सैनिक" का अभिप्राय ऐसे व्यक्ति से है जो नवम्बर, 1972 को संघ की सशस्त्र सेवाओं में से किसी भी रैंक में (लड़ने वाले अथवा न लड़ने वाले के रूप में) कम से कम छः मास की अवधि तक लगातार सेवा कर चुका हो और,

(1) जो निर्मुक्त कर दिया गया हो, लेकिन सदाचार अथवा अदक्षता के कारण बर्खास्त अथवा अपदस्थ न किया गया हो, अथवा इस प्रकार निर्मुक्त न होने तक के लिए रिजर्व में ट्रांसफर कर दिया गया हो, अथवा ।

(2) जिसे निर्मुक्त होने का हकदार होने के लिए या जैसा ऊपर कहा गया है, रिजर्व में ट्रांसफर किये सकने के लिए अपेक्षित सेवा की अवधि पूरी करने के हेतु 7 नवम्बर 1972 से छः मास से अधिक की सेवा न करनी हो ।

व्याख्या :—इस नियम के प्रयोजन के लिए 'संघ' की सशस्त्र सेनाओं' का अभिप्राय संघ की नौसेना, थलसेना अथवा वायुसेना से है और इन में भूतपूर्व भारतीय रिआसतों की सशस्त्र सेनाएं शामिल हैं ।

7. (1) यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पूर्व भारत आ गया हो, या

(च) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जो भारत में अस्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, लंका और केन्या युगान्डा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) के इन पूर्वी देशों से प्रव्रजित हुआ हो ।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ) (ङ) और (च) वर्गों से सम्बन्धित उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा उनके नाम दिया गया पात्रता प्रमाण-पत्र होना चाहिए ।

परन्तु वर्ग (च) से सम्बन्धित उम्मीदवारों के लिए पात्रता-प्रमाण-पत्र आवश्यक नहीं होगा :—

यदि ऊपर की (च) श्रेणी 'क' गैर-नागरिक, जो संविधान लागू होने की तारीख, अर्थात् 26 जनवरी 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में आए और तब से लगातार उस सेवा में काम कर रहे है । परन्तु जो सेवा भंग करके 26 जनवरी 1950 के बाद उस सेवा में फिर आया हो या फिर आए, उसके लिए सामान्य रूप में पात्रता-प्रमाण-पत्र लेना आवश्यक होगा ।

इसके अलावा एक शर्त यह भी है कि उपर्युक्त (ग), (घ) और (ङ) वर्गों के उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख) (आशुलिपिकों के उपसंवर्ग के ग्रेड II) में नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे ।

(2) जिस उम्मीदवार के लिए पात्रता-प्रमाण-पत्र आवश्यक है, यदि सरकार उसे आवश्यक प्रमाण-पत्र दे दे तो उसे परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है और अंतिम रूप में उसकी नियुक्ति भी की जा सकती है ।

8. (क) जो आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी उपर्युक्त नियम 5 के अधीन इस परीक्षा में बैठना चाहता हो, उसके लिए यह जरूरी है कि जिस वर्ष उसने सशस्त्र सेना में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में प्रवेश किया था या कमीशन प्राप्त किया था (जहां प्रशिक्षण की व्यवस्था केवल कमीशन के बाद थी) उस वर्ष की पहली जनवरी को उसकी आयु पूरे 24 वर्ष की न हुई हो ।

(ख) 24 वर्ष की आयु-सीमा में उन आपात कमीशन प्राप्त/अल्प सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के लिए 35 वर्ष की आयु तक की छूट दे दी जायेगी जो भारत सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में अथवा निर्वाचन आयोग तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के कार्यालय में आशुलिपिकों (इसमें भाषा आशुलिपिक भी शामिल है) । लिपिकों/आशुटंककों के पदों पर नियमित रूप में नियुक्त किये गये थे और जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को जिस वर्ष) उन्होंने कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में प्रवेश किया था या कमीशन प्राप्त किया था (जहां कमीशन के बाद प्रशिक्षण हुआ था), आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक समेत) । लिपिक/आशुटंकक के रूप में कम से कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा कर ली थी और उसी रूप में कार्य करते ही रहे होते यदि सशस्त्र सेना में प्रवेश न करते या जिन्होंने 1 जनवरी 1973 को भारत सरकार के विभिन्न विभागों/ कार्यालयों में अथवा निर्वाचन आयोग तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के कार्यालय में नियमित रूप में नियुक्त आशुलिपिक भाषा आशुलिपिक समेत । लिपिक/आशुटंकक के रूप में कम से कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा कर ली है तथा उसी रूप में नौकरी करते आ रहे हैं ।

परन्तु उपर्युक्त आयु सम्बन्धी छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जायेगी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पहले ली गई परीक्षाओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी में आशुलिपिक के रूप में नियुक्त किये जा चुके हैं :—

(i) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-II, या

(ii) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-II या

(iii) भारतीय विदेश सेवा (ख), या

(iv) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा ।

टिप्पणी 1 :—डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल-डाक छंटाईकारों की सेवा उपर्युक्त नियम 8(ख) के प्रयोजन के लिए लिपिक के ग्रेड में की गई सेवा मानी जायेगी ।

2. सेवा लिपिकों द्वारा प्रतिरक्षा अधिष्ठानों में की गई सेवा उपर्युक्त नियम 8(ख) के प्रयोजन के लिए नहीं गिनी जायेगी ।

(ग) उपरोक्त नियम 6 के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने के इच्छुक भूतपूर्व सैनिक की आयु 1 जनवरी 1973 को 18 वर्ष होनी चाहिए तथा सशस्त्र सेनाओं में उसकी कुल सेवा में 3 वर्ष जोड़ने से उसकी आयु 25 वर्ष से अधिक न हो ।

टिप्पणी :—उपरोक्त नियम 8(ग) के प्रयोजन के लिए सशस्त्र सेनाओं के किसी भूतपूर्व सैनिक की "काल अप सर्विस" की अवधि को सशस्त्र सेवाओं में की गई सेवा मानी जायेगी ।

(घ) ऊपर के सभी मामलों में ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और छूट दी जायेगी :—

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(ii) यदि उम्मीदवार पहले पूर्वी पाकिस्तान से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी 1964 लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले या उसके बाद प्रव्रजन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(iii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तथा पहले के पूर्वी पाकिस्तान से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी 1964 लेकिन 25 मार्च 1971 से पहले या उसके बाद प्रव्रजन कर भारत आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(iv) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र पांडीचेरी का निवासी हो और किसी स्तर पर उसकी शिक्षा फ्रेंच भाषा के माध्यम से हुई हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(v) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद में लंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(vi) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तो श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति भी हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद लंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक,

(vii) यदि उम्मीदवार संघ राज्य-क्षेत्र गोवा, दमन और दीव का निवासी हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(viii) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और केन्या युगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व—टांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजित हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(ix) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो, और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(X) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो और बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति भी हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक,

(XI) किसी दूसरे देश से झगड़ों के दौरान अथवा किसी उपद्रवग्रस्त इलाके में फौजी कार्यवाहियों के समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा-कार्मिकों के लिए अधिक से अधिक तीन वर्ष तक, और

(XII) किसी दूसरे देश से संघर्ष के समय अथवा किसी उपद्रवग्रस्त इलाके में फौजी कार्यवाही के समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों से सम्बन्धित हो, अधिक से अधिक 8 वर्ष तक, (ख) उपरोक्त उपपैरा (क) में विहित आयु सीमा में भी निम्नोक्त छूट दी जा सकेगी :—

(i) यदि उम्मीदवार ने 1963 में सशस्त्र सेना में कमीशन-पूर्व प्रशिक्षण में प्रवेश किया हो या कमीशन प्राप्त किया हो (जहां प्रशिक्षण केवल कमीशन के पश्चात् हुआ था) और वह पाकिस्तान से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(ii) यदि उम्मीदवार ने 1963 में सशस्त्र सेना में कमीशन-पूर्व प्रशिक्षण में प्रवेश किया हो या कमीशन प्राप्त किया हो (जहां प्रशिक्षण केवल कमीशन के पश्चात् हुआ था) और वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तथा पाकिस्तान से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(iii) यदि उम्मीदवार ने 1963 या 1964 या 1965 में सशस्त्र सेना में कमीशन-पूर्व प्रशिक्षण में प्रवेश किया हो या कमीशन प्राप्त किया हो (जहां प्रशिक्षण केवल कमीशन के पश्चात हुआ था) और वह अन्डमान व निकोबार द्वीपसमूह का निवासी हो तो अधिक से अधिक 4 वर्ष तक, और

(iv) यदि उम्मीदवार ने सशस्त्र सेना में 1963 या 1964 या 1965 में कमीशन-पूर्व प्रशिक्षण में प्रवेश किया हो या कमीशन प्राप्त किया हो (जहां प्रशिक्षण केवल कमीशन के पश्चात् हुआ था) और वह भारत का नागरिक हो तथा लंका से आया हुआ देश-प्रत्यावर्तित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

ध्यान दें :—

(i) यदि किसी उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम 8(ख) में उल्लिखित आयु संबधी रियायतों के अन्तर्गत परीक्षा में बैठने दिया गया हो और यदि वह आवेदन पत्र देने के बाद, परीक्षा में बैठने से पहले या बाद में, नौकरी से त्यागपत्र दे दे या उसके विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएं तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है लेकिन यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद सेवा या पद से उसकी छंटनी हो जाये तो वह पात्र बना रहेगा ।

(ii) वह आशुलिपिक (भाषा-आशुलिपिक समेत)/लिपिक आशुटंकक, जो सशस्त्र सेना में कमीशन-पूर्व प्रशिक्षण में प्रवेश करते समय या जहां कमीशन के पश्चात् प्रशिक्षण हो कमीशन प्राप्त करते समय या सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी संवर्ग बाहर पद (एक्स० केडर पोस्ट) पर प्रतिनियुक्ति पर है, सशस्त्र सेना से सेवामुक्त होने पर यदि अन्यथा सब प्रकार से पात्र हो, तो परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होगा ।

(च) गोआ, दमन तथा दियु के उन स्वाधीनता सेनानियों को, जो गोआ, दमन तथा दियु की सरकार के कर्मचारी नहीं थे और उन्होंने मुक्ति संघर्ष में भाग लिया था और उसके फलस्वरूप भूतपूर्व पुर्तगाली प्रशासन के अधीन कम से कम छः मास तक कारावास अथवा हिरासत में रहे हों, परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते कि 1-1-1972 को उनकी आयु 35 वर्ष की न हुई हो ।

टिप्पणी :—नियम 8(च) के अन्तर्गत आयु सीमा में छूट का दावा करने वाले उम्मीदवारों को उपर्युक्त नियम 8(घ) के अन्तर्गत मिलने वाली आयु में छूट का हक नहीं होगा ।

9. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में दो बार से अधिक बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी यह प्रतिबन्ध सन् 1969 में हुई परीक्षा से लागू होगा ।

10. वर्ग 1 (देखें नियम 2) की सेवाओं तथा पदों के लिए प्रतियोगी उम्मीदवार को अपने निर्मुक्त होने के वर्ष में ली गई परीक्षा तथा निर्मुक्त होने के वर्ष से अगले वर्ष में ली जाने वाली परीक्षा क्रमशः अपने पहले तथा दूसरे अवसर के रूप में लेनी होगी ।

11. नियम 10 में दी गई किसी बात के बावजूद—

(i) सन् 1971 में निर्मुक्त उम्मीदवार सन् 1973 में ली जाने वाली परीक्षा अपने दूसरे अवसर के रूप में दे सकता है ;

(ii) सन् 1970 की परीक्षा के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तारीख के बाद सन् 1970 में सैनिक सेवा के कारण हुई विकलांगता या उसके गंभीर रूप धारण करने के फलस्वरूप अमान्य ठहराया गया उम्मीदवार सन् 1973 में ली जाने वाली परीक्षा अपने दूसरे अवसर के रूप में दे सकता है।

(iii) सन् 1972 की परीक्षा के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने की निधारित अंतिम तारीख के बाद सन् 1972 में सैनिक सेवा के कारण हुई विकलांगता या उनके गंभीर रूप धारण करने के फलस्वरूप अमान्य ठहराया गया उम्मीदवार सन् 1973 में ली जाने वाली परीक्षा अपने पहिले अवसर के रूप में दे सकता है।

(iv) कोई आपातकालीन कमीशन प्राप्त/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी जो सशस्त्र सेनाओं के कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में 10-1-68 से पूर्व से शामिल हुआ है। परन्तु उसे 10-1-68 को या उसके बाद कमीशन प्रदान किया गया हो तो वह सन् 1973 में ली जाने वाली परीक्षा निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन दे सकता है :—

(क) अपने पहले अवसर के रूप में यदि वह 1971 अथवा 1972 में निर्मुक्त हुआ हो,

(ख) अपने पहले अवसर के रूप में, यदि 1970 की परीक्षा के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तारीख के बाद 1970 में सैनिक सेवा के कारण हुई विकलांगता या उसके गंभीर रूप धारण करने के फलस्वरूप अमान्य ठहराया गया हो,

(ग) अपने दूसरे अवसर के रूप में, यदि 1970 में निर्मुक्त हुआ हो।

टिप्पणी 1 :—उपरोक्त खंड (ii) तथा खंड (iv) (ख) में दिए गये उपबन्ध उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होंगे जिन्हें 1970 में निर्मुक्त होना था।

टिप्पणी 2 :—उपरोक्त खण्ड (iii) में दिए गए उपबन्ध उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होंगे जिन्हें 1972 में निर्मुक्त होना था।

टिप्पणी 3 :—ऐसे उम्मीदवार जो इस नियम के उपबन्धों के अनुसार 1974 में अथवा दूसरा अवसर पाने के पात्र हैं, उसका उपयोग कर सकते हैं यदि इन नियमों के नियम 1 में उल्लिखित नियमों के उपबन्धों की अवधि सरकार द्वारा 28 जनवरी 1974 से आगे बढ़ा दी जाती है।

12. यह आवश्यक है कि उम्मीदवारों ने नीचे लिखी परीक्षाओं में से कोई एक पास की हो या उसके पास निम्नलिखित में से कोई एक प्रमाण-पत्र हो :—

(i) भारत के केन्द्रीय या राज्य विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा,

(ii) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल कोर्स के अन्त में स्कूल लीविंग सैकैंडरी स्कूल, हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाण-पत्र के लिए ली गई परीक्षा जिसे वह राज्य सरकार नौकरी में प्रवेश के लिए समकक्ष मानती हो।

(iii) कैम्ब्रिज स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा (सीनियर कम्ब्रिज),

(iv) राज्य सरकारों द्वारा ली गई यूरोपीय हाई स्कूल परीक्षा,

(v) अरविन्द इन्टरनेशनल सैन्टर आफ एजुकेशन पांडिचेरी की उच्चतम माध्यमिक पाठ्यचर्या की दसवीं कक्षा प्रमाण-पत्र,

(vi) दिल्ली पौलीटैकनिक के तकनीकी हायर सैकैन्डरी स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र,

(vii) मान्यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक स्कूल/मल्टी पर्पज स्कूल द्वारा ली गई वह परीक्षा जो कि अंतिम वर्ष से एक वर्ष पूर्व/मल्टी पर्पज कोर्स (जिस से कोई उम्मीदवार तीन वर्षीय डिग्री कोर्स में प्रवेश पा सकता है)।

(viii) इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए छात्रों को तैयार करने वाले किसी मान्यता प्राप्त स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र,

(ix) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली की जूनियर परीक्षा, केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिए,

(x) बंगाल (मार्इस) स्कूल सर्टिफिकेट,

(xi) नेशनल काउन्सिल आफ एजुकेशन, जादवपुर, पश्चिमी बंगाल की (शुरू से लेकर) फाइनल स्कूल स्टेन्डर्ड परीक्षा,

(xii) पांडिचेरी की नीचे लिखी फ्रैंच परीक्षाएं :—

(i) ब्रीवे एलिमेंतेय,

(ii) ब्रीवे द एंसीमा प्रीमियेर लागू इंदियेन,

(iii) ब्रीवे दे सत्युद्यू प्रीमियेर सिक्ल,

(iv) ब्रीवे द एंसीमां प्रीमियर सुपीरियेर द लांग इंदियेन, और

(v) ब्रीवे दे लांग इंदियन (वर्नाकूलर),

(xiii) इंदियन आर्मी स्पेशल सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन,

(xiv) भारतीय नौसेना का हायर एजुकेशन टैस्ट,

(xv) एडवांस क्लास (भारतीय नौसेना) परीक्षा,

(xvi) सीलोन सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा,

(xvii) ईस्ट बंगाल सैकेन्डरी एजुकेशन बोर्ड, ढाका द्वारा दिया गया प्रमाण-पत्र,

(xviii) (क) भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान में कैमिला/राजशाही/खुलना स्थित सैकैंडरी एजुकेशन बोर्ड द्वारा दिए गए सैकैंडरी स्कूल सर्टिफिकेट ।

(xxiii) (ख) भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान के बोर्ड आफ इंटरमीडिएट तथा सैकैंडरी एजुकेशन, जैसोर द्वारा दिया गया सैकैंडरी स्कूल प्रमाण-पत्र ।

(xix) नेपाल सरकार की स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट परीक्षा,

(xx) एंग्लोवर्नाकूलर स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (बर्मा),

(xxi) बर्मा हाई स्कूल फाइनल एग्जामिनेशन सर्टिफिकेट,

(xxii) शिक्षा विभाग, बर्मा (युद्ध-पूर्व) की एंग्लोवर्नाकूलर हाई स्कूल परीक्षा,

(xxiii) बर्मा का पोस्ट-बार स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट,

(xxiv) गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद की "विनीत" परीक्षा,

(xxv) गोवा दमन और दिव की पुर्तगाली परीक्षा "लाइसियूम" के पांचवें वर्ष में पास,

(xxvi) "सामान्य" स्तर पर श्री लंका की जनरल सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन नामक परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी तथा गणित और सिंहली या तमिल सहित छः विषयों में पास की गई हो।

(xxvii) सामान्य स्तर पर लंदन के एसोसियेटेड एग्जामिनेशन बोर्डस् की जनरल सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी सहित पांच विषयों में पास की गई हो।

(xxviii) किसी राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जूनियर/सैकैंडरी तकनीकी स्कूल परीक्षा,

(xxix) पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित) अथवा प्राचीन खण्ड, मध्यमा (प्रथम दो वर्ष का कोर्स) वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी की विशेष परीक्षा जिनमें अतिरिक्त विषयों में अंग्रेजी एक विषय हो, और

(xxx) इसकोला इण्डस्ट्रीज कर्माशियल डी गोवा, पणजी जोकि पुर्तगाली के अधीन गोवा, दमन और दियू की आजादी से पूर्व स्थापित किया गया, द्वारा दिया गया कार्शोज कुरसो डी फरमार्का डी सिस्लाथिरयो (लुहारी कोर्स सर्टिफिकेट और काटी डी० फससो डी० मोटाडार इलक्ट्रकसरा विद्युत कोर्स) का प्रमाण पत्र ।

टिप्पणी 1 :—यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा दे चुका हो, जिसमें उत्तीर्ण होने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है, लेकिन उसके परिणाम की सूचना उसे नहीं मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है। जो उम्मीदवार उक्त किसी अर्हक (क्वालीफाईंग) परीक्षा में बैठना चाहते हों वे भी आवेदन पत्र दे सकते हैं बशर्ते कि वह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरू होने से पहले हो जाए। ऐसे उम्मीदवार यदि अन्य शर्तें पूरा करते हों तो उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाएगा, किन्तु परीक्षा में बैठने की अनुमति अंतिम होगी और यदि वे उक्त परीक्षा पास करने का प्रमाण पत्र जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा के शुरू होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के अन्दर-अन्दर, प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द कर दी जाएगी।

टिप्पणी 2 :—किन्ही आपवादिक मामलों में, किसी ऐसे उम्मीदवार को जिस के पास नियम में निर्धारित कोई उपाधि नहीं है, आयोग अर्हता-प्राप्त उम्मीदवार मान सकता है, बशर्ते कि उसके पास ऐसी अर्हताएं हों जिनका स्तर, आयोग की राय में, परीक्षा में प्रवेश के लिए न्यायोचित है।

13. ऐसा कोई व्यक्ति —

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह कर लिया हो या विवाह का करार किया हो जिसकी पत्नी/पति जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने, अपनी पत्नि/पति के जीवित रहते ऐसे किसी व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का करार किया हो,

उक्त पद पर नियुक्ति के योग्य नहीं होगा।

किन्तु केन्द्रीय सरकार, यदि इस बात से संतुष्ट हो जाए कि ऐसे व्यक्ति पर और विवाह सूत्र के अन्य पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत ऐसे विवाह की अनुमति दी जा सकती है, और ऐसा करने के अन्य कारण भी हों तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है।

14. जो उम्मीदवार सशस्त्र सेना में सेवा कर रहा हो उसे इस परीक्षा के लिए अपना आवेदन-पत्र अपनी यूनिट के कमान-अफसर को प्रस्तुत करना होगा जो उसे संघ लोक सेवा आयोग को भेज देगा।

सरकारी सेवा में के अन्य सभी उम्मीदवारों को चाहे वे स्थायी पद पर हों अथवा अस्थायी पद पर अथवा कार्यप्रभारित कर्मचारी हों, नैमित्तिक (कैजुयल) अथवा विहाड़ी वाले कर्मचारियों को छोड़कर, परीक्षा में बैठने के लिए विभाग के अध्यक्ष की पूर्व-अनुमति प्राप्त करनी होगी।

15. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए, जो सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के सम्बन्ध में विचार किए जाने की सम्भावना हो।

टिप्पणी :—अशक्त भूतपूर्व रक्षा, कार्मिकों के सम्बन्ध में रक्षा सेवा के डीमोबीलाइजेशन मैडिकल बोर्ड द्वारा दिया गया स्वस्थता-प्रमाण-पत्र नियुक्ति के के लिए पर्याप्त समझा जाएगा।

16. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

17. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो।

18. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो वह परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा।

19. यदि कोई उम्मीदवार आयोग द्वारा इस बात के लिए दोषी घोषित किया जाए या कर दिया गया हो कि उसने किसी दूसरे व्यक्ति से अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली प्रमाण पत्र आदि पेश किए हैं या ऐसे प्रमाण पत्र पेश किये हैं जिनमें कोई हेरा फेरी की गई है या गलत या झूठे वक्तव्य दिये है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया गया है या परीक्षा में प्रवेश प्राप्त करने के लिए किसी और अनियमित या अनुपयुक्त तरीके से काम लिया है या परीक्षा भवन में अनुचित तरीकों से काम लिया है या काम लेने की कोशिश की है या परीक्षा भवन में कोई अनुचित आचरण किया है तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रौसीक्यूशन) चलाया जा सकता है और साथ ही :

(क) उसे हमेशा के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए :

(i) आयोग उम्मीदवार के चुनाव के लिए ली जाने वाली अपनी किसी परीक्षा या इन्टरव्यू में उसे शामिल होने से रोक सकता है, और

(ii) केन्द्रीय सरकार अपने अधीन नियुक्त होने से उसे रोक सकती है।

(ख) यदि वह पहले से ही सरकारी सेवा में नियुक्त हो तो उसके खिलाफ उपयुक्त नियमों के अन्तर्गत आनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

20. परीक्षा के बाद :—

(क) वर्ग 1 में दी गई सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता करने वाले उम्मीदवारों को योग्यता क्रम से प्रत्येक उम्मीदवार को अंतिम रूप में मिले कुल अंकों के क्रमानुसार रखा जाएगा; और उस क्रम में आयोग जितने उम्मीदवारों को परीक्षा द्वारा अर्हता प्राप्त समझेगा, उन्हें केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-II की प्रवर सूची में सम्मिलित करने के लिए, तथा इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरे जाने के लिए विनिश्चित अन्य सेवाओं/पदों पर नियुक्त करने के लिए सिफारिश करेगा।

(ख) वर्ग II में दी गई सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता करने वाले उम्मीदवारों को योग्यता क्रम से प्रत्येक उम्मीदवार को अंतिम रूप में मिले कुल अंकों के क्रमानुसार रखा जाएगा और उस क्रम में आयोग जितने उम्मीदवारों को परीक्षा द्वारा अर्हता प्राप्त समझेगा उन्हें रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के ग्रेड-II की प्रवर सूची में सम्मिलित करने के लिए तथा परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली उपलब्ध रिक्तियों की संख्या को पूरी तरह ध्यान में रखते हुए अन्य सेवाओं/पदों पर नियुक्त करने के लिए सिफारिश करेगा।

लेकिन शर्त यह है कि यदि सामान्य स्तर के आधार पर अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित पद नहीं भरे जा सकते हैं तो आरक्षित कोटे को पूरा करने के लिए, स्तर में छूट देकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों को नियुक्त करने के लिए सेवा के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा तथा रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड II की प्रवर सूची में लिए जाने के लिए तथा अन्य सेवाओं/पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य होने पर, परीक्षा की योग्यता सूची में उनके रैंक को ध्यान में रखे बिना ही आयोग द्वारा सिफारिश की जा सकती है।

21. यदि परीक्षा के परिणाम के आधार पर वर्ग-I की सेवाओं/पदों के लिए सेवामुक्त आपातकालीन कमीशन प्राप्त, अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों और वर्ग-II की सेवाओं/पदों के लिए भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में उत्तीर्ण उम्मीदवार उपलब्ध न हो तो न भरे गए खाली पद सरकार द्वारा इस संबंध में निर्धारित की जाने वाली पद्धति से भरे जाएंगे।

22. इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्तियां करते समय विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए उम्मीदवार द्वारा बताई गई प्राथमिकताओं पर समुचित ध्यान रखा जाएगा। (देखिए आवेदन पत्र का कालम 26)।

23. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा-फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा और आयोग परिणामों के बारे में उनसे कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

24. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता। इसके लिए आवश्यक है कि सरकार आवश्यकतानुसार जांच करके इस बात से सन्तुष्ट हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है।

25. जिन सेवाओं/पदों के लिए इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है उनका संक्षिप्त ब्यौरा परिशिष्ट II में दिया गया है।

एम० के० वासुदेवन, अवर सचिव

परिशिष्ट—I

1. प्रतियोगिता-परीक्षा में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :—

(क) दो विषयों में लिखित परीक्षा, जैसा कि नीचे के पैरा 2 में दिया गया है कि जिसके पूर्णांक 200 होंगे।

(ख) जैसा कि नीचे दी गई अनुसूची के पैरा 2 तथा भाग ख में दर्शाया गया है, लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के लिए आशुलिपि परीक्षाएं, जिनके पूर्णांक 300 होंगे, जिन में से 50 अंक आपातकालीन कमीशन प्राप्त/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के लिए सशस्त्र सेनाओं में सेवा के रिकार्ड के मूल्यांकन के लिए होंगे।

2. लिखित परीक्षा के विषय तथा प्रत्येक विषय के लिए दिया गया समय तथा पूर्णांक इस प्रकार होंगे।

भाग क—लिखित परीक्षा

विषय	दिया गया समय	पूर्णांक
1. अंग्रेजी	3 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान	3 घंटे	100

भाग ख—आशुलिपि परीक्षा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में उनके लिए होगी जो लिखित परीक्षा में पास होंगे।

300 अंक (250 अंक आपातकालीन कमीशन प्राप्त/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के मामले में)।

टिप्पणी:—उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि नोट, टाइप करने होंगे और इस के लिए उन्हें अपनी-अपनी टाइप मशीनें लानी होंगी।

3. लिखित परीक्षा तथा आशुलिपि परीक्षा योजना का पाठ्य विवरण परिशिष्ट में दी गई अनुसूची में दिए अनुसार होगा और लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र वही होंगे जो साथ-साथ होने वाली नियमित आशुलिपिक परीक्षा की योजना में इन विषयों के लिए होंगे।

4. उम्मीदवार लिखित परीक्षा के सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र (ii) का उत्तर हिन्दी देवनागरी या अंग्रेजी में लिखने का विकल्प ले सकते हैं। यह विकल्प पूर्ण प्रश्न के लिए लागू होगा न कि उस के किसी भाग के लिए।

जो उम्मीदवार पूर्वोक्त प्रश्न पत्र हिन्दी देवनागरी में लिखने का विकल्प लेंगे उन्हें आशुलिपि की परीक्षाओं में भी केवल हिन्दी देवनागरी में लिखना होगा और जो उम्मीदवार पूर्वोक्त प्रश्न पत्र अंग्रेजी में लिखने का विकल्प लेंगे उन्हें आशुलिपि की परीक्षाओं में भी केवल अंग्रेजी में लिखना होगा।

टिप्पणी : जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान का (ii) प्रश्न पत्र का उत्तर तथा आशुलिपि की परीक्षाओं में हिन्दी के इच्छुक हों तो यह विकल्प आवेदन पत्र के कालम 11 में लिखें। अन्यथा यह माना जायेगा कि उम्मीदवार लिखित परीक्षा तथा आशुलिपि की परीक्षाओं में अंग्रेजी में लिखेंगे।

एक बार का विकल्प अंतिम समझा जायगा और उक्त कालम में कोई परिवर्तन करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायगा।

5. लिखित परीक्षा का अंग्रेजी प्रश्नपत्र (i) का उत्तर सभी उम्मीदवारों द्वारा अंग्रेजी में देना अनिवार्य है।

6. जो उम्मीदवार 120 शब्द प्रति मिनट वाले डिक्टेशन में न्यूनतम योग्यता प्राप्त कर लेंगे उन्हें 100 शब्द प्रति मिनट वाले डिक्टेशन में वही स्तर प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से ऊपर रखा जायेगा (प्रत्येक वर्ग में उम्मीदवारों को, प्रत्येक उम्मीदवार को दिए गये कुल अंकों के अनुसार उनके गुणक्रम में परस्पर व्यवस्थित किया जायगा।

7. उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8. आयोग अपने विवेकानुसार परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक (क्वालीफाईंग) अंक निर्धारित करेगा।

9. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आशुलिपि परीक्षा के लिये बुलाया जाएगा जो आयोग के द्वारा अपने विवेकानुसार नियत किए गए न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेंगे।

10. केवल सतही ज्ञान के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

11. अस्पष्ट लिखावट के कारण, लिखित विषयों के अधिकतम अंकों में से 5 प्रतिशत तक अंक काट लिए जाएंगे।

12. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का विशेष लिहाज रखा जाएगा कि भावाभिव्यक्ति आवश्यकतानुसार कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई है।

अनुसूची

परीक्षा का स्तर और पाठ्य-विवरण

टिप्पणी : प्रश्न-पत्रों का स्तर लगभग वही होगा जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय की मैट्रिकुलेशन परीक्षा का होता है।

